सार-समाचार

गीतांजलि में देवफेस्ट का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज उदयपुर के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग ब्रांच के विद्यार्थिओं द्वारा गूगल डेवलपर स्टूडेंट्स क्लब द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम देवफेस्ट-2023 का आयोजन उदयपुर के थर्ड स्पेस के प्रांगण हुआ। आर्टिफीसियल इंटेलेजन्स एवं कोडिंग आधारित इस कार्यक्रम में विभिन्न आईटी विशेषज्ञों द्वारा ए आई एवं कोडिंग के संयुक्त विकास पर प्रकाश डाला। संस्थान के निदेशक डॉ. एन एस राठौड़ ने आधुनिक तकनिकी पर बात करते हुए कहा कि आज आर्टिफीसियल इंटेलेजन्स का प्रयोग साइंस, इंजीनियरिंग एवं मेडिकल के क्षेत्र में प्रमुखता से किया जा रहा है। असाध्य से असाध्य रोग ए आई के माध्यम से ठीक किया जा रहा है। ऐसे में ए आई के अनुप्रयोगों पर प्रकाश डालने व कंप्यूटर कोडिंग के माध्यम से कठिन से कठिन कार्यक्रमों सरलता से करने के लिए निमो लैब्स, टाई उदयपुर, टाइम इंस्टीट्यूट, आइडियाबॉक्स, मेटाकॉप्स, कोडिंग निन्जा और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स सहित विभिन्न उद्योग जगत के विशेषज्ञों का प्रयोजन के साथ अपने ज्ञान से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कम्प्युटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. मयंक पटेल के अनुसार देवफेस्ट-2023 में नवाचार को बढावा देने और प्रौद्योगिकी की लगातार विकसित हो रही दुनिया को अपनाने के महत्व पर जोर दिया । यह सीखने, जुडने और भविष्य की कल्पना करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम में उदयपुर स्थित विभिन्न इंजीनियरिंग महाविद्यालयो के 200 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। वित्त नियंत्रक बी एल जांगीड ने कहा कि यह कार्यक्रम जिज्ञासा और तकनीकी उत्कृष्टता की संस्कृति को बढावा देने के प्रति हमारी संस्था की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। कार्यक्रम में गीतांजलि ठ्रुप के अध्यक्ष कपिल अग्रवाल और कनिका अग्रवाल की उपस्थिति रही।

कलश यात्रा निकाली

मंडफिया, (निसं)। मंडफिया कस्बे में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार हुआ। सोमवार को दोपहर 12 बजे कस्बे में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मां बागेश्वरी आश्रम दबोह जिला भिंड मध्य प्रदेश की कथा वाचिका साध्वी रितु जी पांडेय बग्गी में विराजित थी। कलश यात्रा यशोदा विहार धर्मशाला चौक स्थित कथा स्थल पर पहुंची। कथा स्थल पर गणपति पूजन के पश्चात साध्वी पांडेय ने भागवत कथा का वाचन किया। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मंडफिया निवासी एवं सांवलिया जी मंदिर मंडल सदस्य अशोक शर्मा पुत्र स्व. गेंदालाल बालोठिया एवं समस्त बालोठिया परिवार की ओर से किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा 4 दिसंबर से 10 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगी। बालोठिया परिवार की ओर से 11 दिसंबर सोमवार को प्रात: 8:15 बजे भगवान श्री सांवलिया जी सेठ को छप्पन भोग धराया जाएगा। कलश यात्रा में सांवलिया जी मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, महेंद्र कुमार शर्मा (पप्पू भाई), अनिल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, ममतेश शर्मा, मनोज शर्मा, सुनील शर्मा, जगदीश शर्मा सहित सैकडो भक्तजन उपस्थित थे।

बार एसोसिऐशन की बैठक संपन्न

देवगढ़, (निसं)। बार एसोसिऐशन देवगढ की सोमवार को चुनावी बैठक आयोजित हुई जिसमें आगामी चुनाव 08.12.2023 को नियत किये जाने का निर्णय लिया गया। सूत्रों से विस्तृत जानकारी के अनुसार सभी अधिवक्ताओ ने चुनाव सम्बंधित अपने विचार रखे जिसमें तय किया गया कि 6 दिसम्बर को अध्यक्ष व सभी पदों का नामाकंन करने के लिये नामांकन पत्र भरे जायेगे। जिसका समय दोपहर 3 बजे तक भरे जा सकेंगे तथा 7 दिसम्बर के नामाकंन लेने का समय दिन के 3 बजे तक एंव दिनांक 8 दिसम्बर के समय 11 बजे से दिन के 2 बजे तक मतदान किया जाना तय किया है।चुनाव मतदान का परिणाम 4 बजे जारी किया जावेगा। जिसमें सर्व समिति से चुनाव अधिकारी अधिवक्ता विजयकुमार पानेरी, एंव सहायक चुनाव अधिकारी राजकुमार सालवी को नियुक्त किया गया। इस दौरान अधिवक्तागण में बार अध्यक्ष विश्वम्भरकृष्ण सिंह, सचिव रेखा शर्मा, कोषाध्यक्ष जगदीश मेवाडा, इन्द्रमल कंसारा, शान्तीलाल, गोविन्द कंसारा, लुम्बसिंह, चंदा तिवारी, यशवंत सिंह, ललित नागर,विशाल, कल्याण चन्द्र, गुलाब चन्द्र सालवी, मंजुलिका, राजेन्द्रनाथ, महेन्द्रसिंह, रोहितसिंह,फतेहलाल, आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी चुनाव अधिकारी अधिवक्ता विजयकुमार पानेरी द्वारा दी गई। डूंगरपुर बार एसोसिएशन के चुनाव 8 दिसम्बर आठ को

अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन

डूंगरपुर,(निसं)। बार एसोसिएशन डूंगरपुर की वर्ष 2024 के अध्यक्ष एवं महासचिव पद के लिये 8 दिसम्बर 2023 को होने वाले चुनाव के लिये नामांकन प्राप्ति के सोमवार को प्रथम दिन अध्यक्ष पद के लिये तीन एवं महासचिव पद के लिये दो नामांकन लिये गये। निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता प्रकाश पटेल, नगीन पटेल एवं प्रकाशचन्द्र परमार ने संयुक्त रूप से बताया कि बार एसोसिएशन डूंगरपुर की वर्ष 2024 के अध्यक्ष एवं महासचिव पद के लिये 8 दिसम्बर को होने वाले चुनाव के लिये अध्यक्ष पद के लिये सिद्धार्थ मेहता, विवेक दीक्षित एवं लक्ष्मण कोटेड एवं महासचिव पद के लिये विकास जांगिड एवं सूर्यसिंह शक्तावत ने नामांकन पत्र लिया। साथ ही अध्यक्ष पद के लिये सिद्धार्थ मेहता एवं विवेक दीक्षित तथा महासचिव पद के लिये विकास जांगिड ने अपना नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारीगण को जमा कराया। नामांकन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 5 दिसम्बर को समय 11 से 1 बजे तक हैं। तत्पश्चात् नामांकन पत्र की जांच की जायेंगी एवं 6 दिसम्बर को समय 11 से 1 बजे के मध्य उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकेंगे तथा 8 दिसम्बर 2023 को प्रात: 9 से 2 बजे तक बार सभागार में मतदान होगा एवं उसी दिन चुनाव परिणाम की घोषणा की जायेंगी।

हर्षित का राष्ट्रीय तीरंदाजी में चयन

बांसवाड़ा, (निसं)। लीयो इंटरनेशनल स्कूल के छात्र हर्षित डामोर 67वीं राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता अंडर 14 के लिये चयनित हुए हैं। डामोर गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण केम्प में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगें। लीयो स्कूल के निदेशक मनीष त्रिवेदी ने बताया कि जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर लीयो संस्थान के दो छात्र हर्षित डामोर तथा भूमिक निनामा का प्री नेशनल कैंप के लिए चयन किया गया था। प्री नेशनल कैंप के लिए चयन ट्रायल 3 दिसंबर को हुई जिसमें बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 67वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के 14 वर्ष आयु वर्ग की तीरंदाजी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर छात्र हर्षित डामोर का चयन हुआ है। अब छात्र हर्षित खेल संकुल भागोल गुजरात में राष्ट्रीय कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। त्रिवेदी ने बताया कि दोनों ही छात्र तीरंदाजी में श्रेष्ठ प्रशिक्षण प्राप्त है और लीयो के तीरंदाजी प्रशिक्षक दिनेश निनामा के निर्देशन में नियमित तीन से चार घंटे गहन अभ्यास करते है। अपने सतत अभ्यास के परिणाम स्वरुप छात्र राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन में सफल रहें है। लीयो स्कूल के प्रधानाध्यापक उन्नीकृष्णन पील्लई और खेल प्रभारी डॉ पीएस चौहान ने छात्र के राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर शुभकामनाएं देते हुए चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

जनजागृति रैली निकाली

बांसवाड़ा, (निसं)। राउमावि कुपडा में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का उद्घाटन संस्था प्रधान विजय कृष्ण वैष्णव की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मनोज मीणा एवं अनवरउद्दीन शेख ने शिविर के बारे में जानकारी दी। राष्टकृीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने जनजागृति रैली निकाली वहीं विद्यालय परिसर की साफ सफाई कर पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर विद्यालय के दिनेश चंद्र जोशी, अमित सोनी लोकेंद्र आचार्य, हिना पाठक, प्रीति त्रिवेदी व श्रद्धा ने सहयोग प्रदान किया।

विश्व दिव्यांग दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

राजसमंद, ०(निसं)। प्राधिकरण सचिव मनीष कुमार वैष्णव के निर्देशानुसार श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान द्वारा संचालित जागृति विशिष्ट माध्यमिक विद्यालय की ओर से विश्व दिव्यांग दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

संस्था सचिव राकेश परियानी ने बताया कि विश्व दिव्यांग दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जिसमें रंगोली, चित्रकला, गुब्बारा फोड, चम्मच दौड, कैरम, बैडमिंटन आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में श्रवण बाधित एवं मानसिक विमंदित बच्चों ने उत्साह से भाग लिया और अपनी प्रतिभाओं से संदेश दिया कि यदि हमें प्यार व मार्गदर्शन मिलता रहे तो हम भी किसी से कम नहीं। इस अवसर पर जन चैतना रैली भी निकाली गयी। जन चैतना रैली को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक जय प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर विद्यालय से रवाना किया। रैली बजरंग चौराहा स्थित बजरंग बली मन्दिर में पहुंची। जहां उपस्थित समिति के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

जागृति विशिष्ट माध्यमिक विद्यालय की ओर से विश्व दिव्यांग दिवस पर जन चैतना रैली निकाली।

रैली के द्वारा विशिष्ट बच्चों द्वारा अपने अधिकारों के साथ-साथ समाज में व्याप्त कुरीतियां- बाल विवाह, भू ण हत्या को दूर करने तथा अपने आस-पास में ऐसे अनाथ या गरीब बच्चे जिन्हें एक वक्त का खाना तो दूर दूध भी नसीब नहीं है। उन्हें नई दिशा दिखाने के लिए संदेश पोस्टरों, स्लोगन, माईक के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया। संस्थापक सचिव ने संस्थान के बारें में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की व भविष्यगत योजनाओं से सभी को अवगत कराया। सभी विजेताओं एवं विशेष बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में शारदा यादव, शारदा शर्मा, अंजू भटनागर, प्रियंका कुमावत, उमेश चन्द्र, रतन भील, सरसी बाई, कृष्णा भील का योगदान रहा।

बैठक आयोजित

राजसमंद, ०(निसं)। इस माह की 9 तारीख को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला मुख्यालय पर पदस्थापित न्यायिक मजिस्ट्रेट्स की बैठक एडीआर भवन में आयोजित की गई। बैठक में प्राधिकरण सचिव मनीष कुमार वैष्णव ने न्यायिक अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों के निस्तारण की संख्या बढाने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियमित रूप से कॉज लिस्ट में नियत प्रकरणों में प्री-काउंसलिंग करने, प्रतिदिन निश्चित संख्या में प्री-काउंसलिंग में लंबित प्रकरणों के निस्तारण के टारगेट भी दिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारीगण से वार्ता कर राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में आ रही समस्याओं पर भी विचार कर उनका निवारण भी किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों द्वारा और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्री-लिटिगेशन में जारी नोटिसों की तामील प्रभावी रूप से कराने के लिए नोडल अधिकारी एसपी के साथ मीटिंग आयोजित की। उपभोक्ता संबंधी मामलात् के राजीनामा के माध्यम से निस्तारण के लिए उन्होंने जिला उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष के साथ भी बैठक आयोजित कर राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों के निस्तारण के लिए वार्ता की।

सुखाड़िया विवि का 31वां दीक्षांत समारोह 21 को

उदयपुर, (कासं)। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का 31वां दीक्षांत समारोह 21 दिसंबर को कुलाधिपति एवं राज्यपाल कलराज मिश्रा की मौजूदगी में विवेकानंद सभागार में आयोजित होगा। इस संबंध में कुलपति प्रोफेसर सुनीता मिश्रा के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से भव्य तैयारियां की जा रही है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ कुंजन आचार्य ने बताया कि 31वें दीक्षांत समारोह की तैयारी अंतिम चरण में है। 11 दिसंबर तक जिन पीएचडी स्कॉलर्स का वायवा हो जाएगा, वे लोग ही अपनी डिठ्ठी प्राप्त कर सकेंगे। दीक्षांत समारोह में उपस्थित रहकर अपनी डिठ्ठी प्राप्त करने के लिए संबंधित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर मौजूद एक आवेदन पत्र भर 13 दिसम्बर तक 500 रुपये का निर्धारित शुल्क अदा करना होगा। दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा की अध्यक्षता में विभिन्न समितियां की बैठकें आयोजित की जा रही है।गत शैक्षणिक सत्र में आयोजित विभिन्न

उदयपुर में सुखाड़िया विवि में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित कुलपति व अन्य।

परीक्षाओं में सफल विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक मिलेंगे। इसमें कुल 96 गोल्ड मेडल, 6 चांसलर मेडल और 13 स्पॉन्सर मेडल दिए जाएंगे। इस प्रकार कुल 115 गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। इसके साथ ही विज्ञान संकाय में 34, वाणिज्य में 18, समाज विज्ञान संकाय में 42, पृथ्वी विज्ञान संकाय में 11, प्रबंध अध्ययन संकाय में 6, मानवीकी में 37, विधि में तीन और शिक्षा संकाय में 20 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिठ्ठियां प्रदान की जाएगी। इस प्रकार कुल 171 डिठ्ठियां प्रदान की जाएगी। इन विद्यार्थियों में से जो उपस्थित रहकर अपनी डिठ्ठी या गोल्ड मेडल प्राप्त करना चाहता है उसे निर्धारित प्रपत्र पर 13 दिसंबर तक आवेदन करना होगा। पीएचडी की डिठ्ठी उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगी जिनका वायवा 11 दिसंबर 2022 से 11 दिसंबर 2023 के बीच में हो चुका होगा।

2100 जोड़े संगीतमय सुंदरकांड की प्रस्तुति देंगे

बांसवाड़ा, (निसं)। संत सनातन धर्म सेवा संस्थान की ओर से आज मंगलवार को जिले के बडगांव में प्रात: 11 बजे देशभर से आये 2100 जोडे संगीतकारों के साथ संगीतमय सुंदरकांड की प्रस्तुति देंगे। संत सनातन धर्म सेवा संस्थान और मां दशा गातोड भैरव धाम की ओर से आयोजित इस कार्यऋम का उद्देश्य विश्व कल्याण की भावना से सुंदरमय कांड करना है।

संत सनातन धर्म सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष हनुमानदास महाराज ने बताया कि सनातन धर्म का शंखनाद करने और युवा पीढी को महापुरुषों के चरित्र से अवगत कराते हुए उनमें महापुरुषों के आदर्शों का बीजारोपण करने के उद्देश्य से यह कार्यऋम आयोजित किया जा रहा है ताकि संस्कृति और उसके महत्व को जानकर युवा पीढी पाश्चात्य संस्कृति की जगह हमारे देश की मानवीय संस्कृति को समझकर जीवन में उतार सके। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से हनुमान की व्याख्या, राम चरित्र एवं रामायण के विभिन्न किरदारों के जीवन से युवा पीढी को अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि संस्थान की ओर से प्रत्येक शनि एवं मंगलवार को सुंदरकांड पाठ विभिन्न मंदिरों में किया जाता है ताकि व्यक्ति परिवार के साथ एक घंटा बैठकर पूजा-पाठ के साथ परिवार की सुख-शांति की कामना करे। उन्होंने बताया कि कार्यऋम को सफल बनाने के लिये संत, सनातन धर्म सेवा संस्थान और मां दशा गातरोड भैरव धाम जो कि समाजसेवी संस्था के रुप में धर्म प्रचार करती आ रही है। दोनों संस्थाएं मिलकर विश्व कल्याण के साथ ही विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास कर रही है। इसके लिये छरू महीनों से प्रयास किये जा रहे है। स्टार रिकॉर्ड बुक ऑफ इंटरनेशनल के सीईओ डॉ. संदीप धुप्पड भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। धुप्पड ने बताया कि एक स्थान पर एक साथ 2100 जोड़े बैठकर विश्व रिकॉर्ड बनायेंगे। संस्था पिछले पांच वर्षों से यह कार्य करती आ रही है और संस्था की टीम की निगरानी में यह कार्यऋम होगा। कार्यऋम के सफल होने पर इसे विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ 2100 जोड़ों के संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आनंद लिया जायेगा वहीं विश्व रिकॉर्ड के लिये पूरी टीम आवश्यक कार्य संपादित करेगी। इस अवसर पर मां दशा गातोड भैरव धाम के महंत आशीषानंद महाराज ने बताया कि विश्व कल्याण और गौ सेवा के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जो 11 बजे प्रारंभ होकर लगभग 4 घंटे तक चलेगा।

कार्मिक मूल विभागों के लिए कार्यमुक्त

उदयपुर। लोकतंत्र का उत्सव निर्विघ्न और शांतिपूर्ण ढंग से संपादित होने के बाद अब प्रशासन एक बार फिर रूटिन के प्रशासनिक कामकाजों को गति देने में जुट गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने मतगणना के दूसरे ही दिन सोमवार को निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए गठित विभिन्न प्रकोष्ठों में नियोजित कार्मिकों को मूल विभागों के लिए कार्यमुक्त कर दिया है। विधानसभा आम चुनाव संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न प्रकोष्ठ गठित किए थे। समय-समय पर आदेश जारी कर इन प्रकोष्ठों में कामकाज के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की सेवाएं अधिग्रहित की गई थी। पिछले करीब 2 माह से उक्त कार्मिक इन प्रकोष्ठों के माध्यम से विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष संपन्न कराने में जुटे रहे।

प्रशांत अग्रवाल को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

उदयपुर, (कासं)। विश्व दिव्यांगता दिवस पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा विज्ञान-भवन, नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति श्रेणी में यह अवार्ड अग्रवाल को दिया गया। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने की। इस दौरान केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले, प्रतिमा भौमिक और ए.नारायणस्वामी की गरिमामयी उपस्थित रही।

दिव्यांगों के कल्याणार्थ निस्वार्थ भाव से बेमिसाल सेवाओं के लिए अग्रवाल का चयन किया गया। प्रशांत अग्रवाल दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए आवासीय विद्यालय, व्यवसायिक पुनर्वास केंद्र व सहायक उपकरणों के वितरण के

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया।

लिए अग्रणी रहे है। राष्ट्रपति ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया। राष्ट्रपति जब उन्हें सम्मानित कर रही थी उस समय सभागार में उपस्थितजनों ने भी उनका करतल ध्वनि से अभिनंदन किया। राष्ट्रपति ने सर्वश्रेष्ठ पुनर्वास पेशेवर के लिए डॉ. आप्टे सुभाष, दिव्यांगों के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता का पुरस्कार अमेजन इंडिया और सुगम्य भारत अभियान के कार्यान्वयन के लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण निदेशालय मध्यप्रदेश सहित विभिन्न श्रेणियों में 30 से अधिक पुरस्कार दिये ।

सार-समाचार

हमला व लूटपाट मामले में एक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर की अंबामाता थाना पुलिस ने धुलेंडी के दिन एक घर में घुसकर मारपीट कर व तलवार से हमला करने में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रामकली पत्नी मनोज शाक्य निवासी कैलाश नगर एनिमल हॉस्पीटल के पास बडी ने मामला दर्ज करवाया कि 7 मार्च को सांय 6 बजे वह धुलंडी के दिन अपने घर में अपने मनोज, देवर मोहर सिंह, ननंद रामा, आलोक व संजीव के साथ बैठे थे तभी उनके जानकार मोतीलाल एंव उसका पुत्र जो बडी में ही रहते हैं वे घर में घुसे और उसके पति मनोज के साथ मारपीट कर दी। आरोपी उसके पति को कमरे से घसीटते हुए बाहर लेकर आ गए, जहां पहले से मौजूद 8-10 लोगों ने तलवार एवं सरियों से हमला कर दिया। मोतीलाल ने तलवार से उसके पति के हाथ की हथेली काट दी तथा मनोज के सिर पर तलवार से दो वार किए। इस दौरान अन्य परिजनों ने बीच-बचाव किया। इन सभी लोगों ने उसके देवर के कान एवं सिर पर तलवार से वार किए, उसके पांव पर पत्थर मार दिया तथा उसकी ननद रामा के साथ गंभीर मारपीट कर घायल कर दिया। इन बदमाशों ने ननद रामा के गले में पहना सोने का मंगल सूत्र एवं मनोज के गले की सोने की चेन व बोसलेट लूट ली तथा रामा का मोबाइल एवं उसके कवर में एक हजार रूपए लूट ले गए। बाद में इन सभी को एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करते हुए इस प्रकरण में जांच करते हुए फरार चल रहे राजेन्द्र सिंह पुत्र मोती सिंह देवडा निवासी लियो को गुडा को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

बाइक की टक्कर से युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में मजदूरी कर हाईवे पर बस से उतर कर पैदल घर लौट रहे एक युवक को बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे इस युवक की मौत हो गई।पुलिस के अनुसार पुष्कर (27) पुत्र वेणीराम गमेती, अपने भाई सुरेश पुत्र गणेशलाल गमेती व पडोसी गणेशलाल पुत्र वक्ताराम गमेती निवासी मोरवडी मूणवास कैलाशपुरी तीनों उदयपुर शहर में मजदूरी करने के लिए आए थे। शुक्रवार शाम को तीनों मजदूरी कर बस से गांव के लिए रवाना हुए। झालों का गुडा में बस से उतरे और हाईवे पर तीनों पैदल ही अपने गांव की जा रहे थे। इस दौरान पीछे से एक तेजगति में बाईक आई और उसने पुष्कर को टक्कर मार दी, जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे साथी अन्य लोगों की सहायता से एमबी चिकित्सालय लेकर गए, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

बॉलीवॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

डूंगरपुर, (निसं)। निदेशालय गृह रक्षा राज.जयपुर के आदेश की अनुपालना मे गृह रक्षा स्थापना दिवस समारोह 2023 इस कार्यालय में 1 से 6 दिसम्बर 2023 तक के साप्ताहिक कार्यक्रम अनुसार सोमवार को परेड ग्राउण्ड् में बॉलीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

किशोरी लापता

उदयपुर, (कासं)। शहर के भूपालपुरा थाना क्षेत्र में अपने गांव जाने के लिए निकली एक किशोरी गायब हो गई। किशोरी के पिता ने एक युवक पर शंका जताई है। पुलिस के अनुसार रामलाल ओड पुत्र माधुलाल ओड निवासी चांदपोल दरवाजा भीण्डर ने मामला दर्ज करवाया कि दस दिन पूर्व उसकी पुत्री उसकी बहन सेक्टर 4 के यहां गई थी, जिसको 30 नवम्बर को सेवाश्रम चौराहा से उसके बहनोई ने शाम 4 बजे बस मे बैठाया था जो भीण्डर नही पहुँची। रास्ते से ही कहीं पर चली गई। पीडित ने कालू ओड निवासी सविनाखेडा पर शंका जताई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार्यालय नगर परिषद, राजसमन्द, जिला राजसमन्द

क्रमांक :- नपरा/राजस्व/2023-24/1309 दिनांक : 29.11.2023

-: आपत्ति सूचना पत्र :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री छेल सिंह राठौड़ पिता श्री मोहन सिंह राठौड़, निवासी श्री विहार, गुडली, कांकरोली, राजसमन्द। मो. 9950734051 द्वारा पैतृक/खरीदशुदा से प्राप्तशुदा वाणिज्यिक/आवासीय पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो स्थान - श्री विहार, गुडली में स्थित है जिसका भूखण्ड क्षेत्रफल 2000.00 वर्गफीट है, जिसका नामान्तरण अपने नाम करवाना चाहते हैं, जिसके पडौस निम्नानुसार है :-

पूर्व	:-	नाप 50'	पडौस	:-	विपुल जी तायल का मकान
पश्चिम	:-	नाप 50'	पडौस	:-	रमेश जी वैष्णव का मकान
उत्तर	:-	नाप 40'	पडौस	:-	रास्ता 30 फीट चौड़ा
दक्षिण	:-	नाप 40'	पडौस	:-	आराजी का प्लॉट

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द

सं.2430 दिनांक: 10/11/2023

लोक - सूचना

श्री रामलाल पिता श्री कालुलाल उर्फ कालुराम भील निवासी रेल्वे स्टेशन गाडरियावास, एमडी तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर - कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र. सं.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	एमडी	1778/73	रकबा 0.0643 हैक्टेयर में से 0.0378 हैक्टेयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 10/11/2023 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद राजसमंद

आरएमजीबी RMGB

राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक

(भारत सरकार, राजस्थान सरकार, एंव स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम)

परिशिष्ट 4, {नियम 8(1)} कब्जे की सूचना (स्थावर सम्पत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरी ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (दूसरा) एक्ट 2002 (एक्ट 2002 के नियम 3) के अधीन राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक की संबंधित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न ऋणी/जमानती को एक मांग पत्र उसमें उल्लेखित राशि जो नीचे दर्शायी गई है, उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की "मांग करने" के लिये जारी किया गया था।

ऋणी/जमानती द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर ऋणी उनके जमानतदार एवं जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न सम्पत्ति का कब्जा उल्लेखित दिनांक को ले लिया है।

ऋणी/जमानती को सावधान किया जाता है कि धारा 13(8) के प्रावधानों के संदर्भ में उपलब्ध समय में बंधक सम्पत्ति को मुक्त करवाने हेतु उनको निमंत्रण दिया जाता है। ऋणी व जमानतदार को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि नीचे वर्णित सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई व्यवहार नहीं करें। इन सम्पत्ति के संबंध में किया गया कोई भी व्यवहार राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक की उक्त शाखा प्रभार के अधीन होगा।

| शाखा | ऋणी/जमानती का नाम | बंधक रखी गई सम्पत्ति का विवरण | मांग पत्र तिथि एवं बकाया राशि (रू.) | कब्जे की दिनांक एवं ब